अनुक्रमांक ....................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ................................................ पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2022
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** सबसे प्राचीन वेद है- **(1)**

(A) ऋग्वेद (B) यजुर्वेद
(C) सामवेद (D) अथर्ववेद

**2.** त्रिपिटक कैसा ग्रन्थ है? **(1)**

(A) जैन साहित्य का (B) बौद्ध साहित्य का
(C) वैदिक साहित्य का (D) इन सभी का।

**3.** आदिमानव का मुख्य सहयोगी जानवर था- **(1)**

(A) बकरी (B) घोड़ा
(C) कुत्ता (D) गाय।

**4.** पुरापाषाण काल में मानव का व्यवसाय क्या था? **(1)**

(A) आखेट (B) कृषि
(C) व्यापार (D) शिल्प।

**5.** कन्फ्यूशियस किस देश का रहने वाला था? **(1)**

(A) मिस्र (B) भारत
(C) चीन (D) सऊदी अरब।

**6.** पिरामिड किस देश में है? **(1)**

(A) यूनान (B) रोम
(C) मिस्र (D) सऊदी अरब।

**7.** अपने देश का आदर्श वाक्य 'सत्यमेव जयते' कहाँ से लिया गया है? **(1)**

(A) कठोपनिषद् से (B) मुण्डकोपनिषद्
(C) उपनिषद् से (D) ऋग्वेद से।

**8.** कोसल (कोशल) महाजनपद की राजधानी थी- **(1)**

(A) श्रावस्ती (B) वाराणसी
(C) चम्पा (D) कौशाम्बी

**9.** साँची का स्तूप स्थित है- **(1)**

(A) उत्तर प्रदेश में (B) बिहार राज्य में
(C) मध्य प्रदेश में (D) महाराष्ट्र में

**10.** सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करने वाले खगोलीय पिंड कहलाते हैं- **(1)**

(A) क्षुद्र गृह (B) उपग्रह
(C) ग्रह (D) पुच्छल तारा।

**11.** मानचित्र की उत्पत्ति 'मैप्पा' से हुई है, यह किस भाषा का शब्द है? **(1)**

(A) जर्मन (B) अंग्रेजी

(C) लैटिन (D) हिन्दी।

**12.** 0° (शून्य डिग्री) अक्षांश को कहते हैं- **(1)**

(A) भूमध्य रेखा (B) आर्कटिक रेखा

(C) विषुवत् वृत्त (D) कर्क रेखा।

**13.** 21 जून को सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं- **(1)**

(A) मकर रेखा (B) आर्कटिक रेखा

(C) विषुवत् रेखा (D) कर्क रेखा

**14.** इनमें से भारतीय अर्थशास्त्री कौन है? **(1)**

(A) मार्शल (B) पीगू

(C) जे.के. मेहता (D) कीन्स।

**15.** इतिहास के अध्ययन के स्रोत हैं- **(1)**

(A) साहित्य (B) स्मारक

(C) शिलालेख (D) ये सभी।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** पुरातात्विक स्रोतों के नाम लिखिए। **(1)**

**17.** हर्षचरित की रचना किसने की है? **(1)**

**18.** चीन की महान दीवार का निर्माता कौन था? **(1)**

**19.** ममी क्या है? **(1)**

**20.** जैन धर्म के संस्थापक कौन हैं? **(1)**

**21.** अर्थशास्त्र का जनक किसे कहा जाता है? **(1)**

**22.** ग्राम पंचायत के दो कार्य बताइए। **(1)**

**23.** सड़क यातायात सम्बन्धी दो प्रमुख नियम बताइए **(1)**

**24.** अक्षांश रेखा किसे कहते हैं? **(1)**

**25.** इतिहास की कोई एक उपयुक्त परिभाषा लिखिए। **(1)**

**26.** जीवाश्म किसे कहते हैं? **(1)**

**27.** पाषाण काल को कितने भागों में बाँटा गया है? **(1)**

**28.** गीजा का पिरामिड किसने और कब बनवाया था? **(1)**

**29.** अफ्रीका महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटी कौन-सी है? **(1)**

**30.** विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र कहाँ स्थित है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** मेगस्थनीज द्वारा भारत यात्रा के दौरान किए गए वर्णन को बिन्दुवार लिखिए **(2)**

**32.** बौद्ध धर्म के प्रमुख सिद्धान्त तथा गौतम बुद्ध की प्रमुख शिक्षाएँ बताइए। **(2)**

**33.** हमारी पृथ्वी पर कुल कितने महाद्वीप हैं उनके नाम लिखिए। **(2)**

**34.** भारत को कितने भौगोलिक भागों में बाँटा गया है? सविस्तार वर्णन कीजिए। **(2)**

**35.** जिला पंचायत के कार्यों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**36.** नगर निगम के कार्यों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**37.** दिन और रात के होने के कारण बताइए। **(2)**

**38.** विश्व को सिन्धु सभ्यता की क्या देन है? **(2)**

**39.** धूमकेतु क्या है? संक्षेप में बताइए । **(2)**

**40.** पुरापाषाण कालीन चित्रकला पर प्रकाश डालिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/samajik-adhyayan/2022

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN